मंछामन मल्टी का शेष कार्य पूर्ण करें -निरीक्षण में बोले महापौर

- ब्लॉक नंबर आई एवं जे का कार्य
- 95 प्रतिशत तक हुआ पूर्ण

उज्जैन। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मंछामन स्थित ईडब्ल्यूएस श्रेणी की आवासीय इकाइयों का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रचलित है।

शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा ई रिक्शा से पहुंचकर अधिकारियों के साथ मल्टी का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीघ्र ही मल्टी के शेष कार्य को पूर्ण करें ताकि हितग्राहियों को उनके आवासों हस्तांतरण किया जा सके। उल्लेखनीय है कि मंछामन स्थित ईडब्ल्यूएस श्रेणी की आवासीय इकाइयों के कुल 6 ब्लॉक में 288 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया गया है। जिसमें आई एवं जे ब्लॉक का काम 95 प्रतिशत तक पूर्ण हो गया है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया है। इसी के साथ सी और डी ब्लॉक का कार्य भी 80 प्रतिशत तक एवं जी और एच का कार्य भी प्रचलित है शीघ्र ही इनका कार्य भी पूर्ण करते हुए हितग्राहियों को उनके आवासों का आवंटन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, सहायक यंत्री निर्झर शुक्ला एवं संबंधित कार्य के ठेकेदार, कंसलटेंट उपस्थित रहे।

ई रिक्शा में सवार होकर निरीक्षण किया

पेट्रोल-डीज़ल के मितव्ययिता पूर्ण उपयोग के दृष्टिगत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई अपील एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के आवाहन पर उज्जैन नगर पालिक निगम में भी महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शुक्रवार को ई रिक्शा से मल्टी का निरीक्षण करने पहुंचे।

महापौर ने सीवर के कार्य का निरीक्षण किया

उज्जैन। भाट गली में नगर निगम द्वारा सीवर का कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में शुक्रवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा चल रहे आईसी चैंबर्स के कार्य का निरीक्षण किया गया साथ ही कार्य कर रहे ठेकेदार को निर्देशित किया कि जितना कार्य किया जा रहा है उसे करते हुए घरों के पाइप को आइसी चेंबर में जोड़ने का कार्य पूर्ण करते हुए आगे के कार्य को प्रारंभ करें साथ ही कार्य स्थल पर सुरक्षा का ध्यान रखते हुए बेरीकेटिंग करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो।

सिंहस्थ में एआई संभालेगा भीड़, मोबाइल बताएगा रास्ता

गूगल क्लाउड देगा तकनीकी सहयोग, ट्रैफिक व्यवस्था एक प्लेटफॉर्म पर होगी मॉनिटर, रियल टाइम डेटा से चलेगा महापर्व का प्रबंधन

उज्जैन। सिंहस्थ 2028 को विश्वस्तरीय स्वरूप देने और करोड़ों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन अब आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सहारा लेने जा रहा है।

महाकुंभ महापर्व के दौरान भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, सूचना प्रसारण, पार्किंग व्यवस्था और श्रद्धालुओं के आवागमन की निगरानी के लिए अत्याधुनिक डिजिटल सिस्टम विकसित किए जाएंगे। इसके लिए गूगल क्लाउड टीम और भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं जियोइन्फॉर्मेटिक्स संस्थान (बिसाग-एन) का तकनीकी सहयोग लिया जाएगा। संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने सिंहस्थ 2028 के लिए विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं और मेला व्यवस्थाओं की प्लानिंग तथा क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल में आयोजित बैठक में टीपी सिंह और उनकी टीम के साथ सिंहस्थ की व्यवस्थाओं को तकनीक से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा हुई।

पीएम गति शक्ति प्लेटफॉर्म और जियोग्राफिकल स्पेशल तकनीक के उपयोग पर विचार-विमर्श किया गया। प्रशासन की योजना है कि एपीआई आधारित एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जाए, जहां सिंहस्थ से जुड़ी संपूर्ण जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहे। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से लगभग 250 किलोमीटर की परिधि में ट्रैफिक की स्थिति, ट्रेन और बसों की आवाजाही, छोटे वाहनों के रूट, पार्किंग स्थलों, घाटों, पहुंच मार्गों और अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी रियल टाइम में प्राप्त की जा सकेगी। एआई आधारित सिस्टम भीड़ के पैटर्न का अध्ययन कर प्रशासन को पहले से अलर्ट देगा।

श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन-डाटा आधारित निर्णय

प्रस्तुतीकरण में यह भी बताया गया कि श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल आधारित सूचना प्रणाली विकसित की जा सकती है। इसके माध्यम से डिजिटल मैप, मार्गदर्शन, पार्किंग की उपलब्धता, भीड़ की स्थिति, घाटों तक पहुंचने के रास्ते, महत्वपूर्ण सूचनाएं और आपातकालीन संदेश सीधे मोबाइल फोन पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे। इससे पहली बार सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को भी आसानी से मार्गदर्शन मिल सकेगा। प्रशासन का मानना है कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से सिंहस्थ 2028 का संचालन अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और सुगम बनाया जा सकेगा। करोड़ों श्रद्धालुओं के प्रबंधन की चुनौती को देखते हुए डेटा आधारित निर्णय लेने की व्यवस्था विकसित की जा रही है, जिससे हर गतिविधि की निगरानी एकीकृत प्लेटफॉर्म से की जा सके। आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ 2028 की आवश्यकताओं के अनुरूप सभी तकनीकी विकल्पों का विस्तृत अध्ययन किया जाए तथा उन क्षेत्रों की पहचान की जाए, जहां तकनीक के माध्यम से श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रशासनिक दक्षता को अधिकतम स्तर तक बढ़ाया जा सके।

गूगल टीम का प्रेजेंटेशन

सिंहस्थ की तैयारियों के तहत गूगल क्लाउड टीम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तकनीकी प्रस्तुतीकरण भी दिया। इसमें बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और जियो मैपिंग तकनीक की मदद से श्रद्धालुओं की आवाजाही का रियल टाइम विश्लेषण किया जा सकता है। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि किस घाट, मंदिर, मार्ग या आयोजन स्थल पर कितनी भीड़ मौजूद है और अगले कुछ समय में वहां भीड़ का दबाव कितना बढ़ सकता है।

राज रॉयल कॉलोनी में मंदिर की टूटी मिली दानपेटी

उज्जैन। रात में बदमाशों ने चिमनगंज थाना क्षेत्र की राज रॉयल कॉलोनी में शिव मंदिर परिसर में लगी दान पेटी तोड़कर उसमें रखी राशि चोरी कर ली। शुक्रवार सुबह मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की है।

राज रॉयल कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में शिव मंदिर बना हुआ है जो राजरायल कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। प्रतिदिन क्षेत्र के रहवासी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सुबह क्षेत्र के कुछ लोग दर्शन करने पहुंचे थे इस दौरान मंदिर परिसर में लगी दानपेटी टूटी होना सामने आई। उसमें रखी दान राशि भी गायब थी। मंदिर में हुई चोरी की खबर लगते ही रहवासी एकत्रित हो गए। मामले की सूचना मिलने पर चिमनगंज पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस दौरान सामने आया कि पिछले डेढ़ 2 साल से दान पेटी नहीं खोली गई थी संभवत: उसमें हजारों रुपए की राशि रखी थी। क्षेत्र वासियों ने आरोप लगाया कि रात में कॉलोनी के आसपास बदमाश और नशा खोरी करने वाले घूमते रहते हैं संभवत उन्होंने ने दान पेटी तोड़ने की वारदात की है। पुलिस का कहना था कि कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे जा रहे हैं। दान राशि चुराने वालों का जल्द पता लगा लिया जाएगा।

उज्जैन में आज होगा मेगा अपार दिवस

उज्जैन। जिला परियोजना समन्वयक अशोक त्रिपाठी ने जानकारी दी कि विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण प्रक्रिया को गति देने और जिले में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से आज जिले में मेगा अपार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखंडों में विशेष शिविर आयोजित किए गए हैं। जिले में कुल 57 केंद्रों पर विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने की व्यवस्था की गई है। विकासखंडवार केंद्रों की संख्या में बड़नगर में 11, घट्टिया में 6, उज्जैन ग्रामीण में 6, महिदपुर में 10, खाचरौद में 12 तथा तराना में 12 केंद्र शामिल हैं। मेगा अपार दिवस के दौरान शिक्षकों, पालकों और समुदाय के सहयोग से अधिक से अधिक विद्यार्थियों की अपार आईडी तैयार की जाएगी। यह आईडी विद्यार्थियों के शैक्षणिक अभिलेखों को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। शिक्षा विभाग ने अधिकारियों, शिक्षकों एवं पालकों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित केंद्रों पर पहुंचकर अपार आईडी निर्माण कार्य में सहयोग करें।

एक नजर में

मना तुलसी विवाह चंवरी मनोरथ उत्सव

उज्जैन। पुरुषोतम मास के उपलक्ष्य में गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु झांकी दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में मंदिर परिसर में तुलसी विवाह चंवरी मनोरथ उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। उत्सव में मनोरथी अर्जुन कुमार मधुसूदन समदानी परिवार की ओर से पं. बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया। शोभा मूंदड़ा और अंकित मूंदड़ा ने मनमोहक झांकी सजाई। इस अवसर पर मूंदड़ा परिवार और लक्ष्मी टेंट हाउस की ओर से फरियाली खिचड़ी का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। तुलसी विवाह और महाआरती में संगीता, हेमाजी समदानी, यश समदानी, शुभांगी समदानी, अवनी, प्रेक्षा, अनय, आरव समदानी, सपन काबरा और आंचल काबरा ने सहभागिता की। इस पावन अवसर पर लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, कैलाशनारायण राठी, भूपेंद्र भूतड़ा, वीरेंद्र कुमार गट्टानी, प्रकाशचंद्र सोडानी, दिनेशचंद्र डाढ़, नृसिंह देवपुरा, सुभाष भूतड़ा, लोकेंद्र काबरा, कल्पेश गट्टानी, ओमप्रकाश मूंदड़ा, राजेशजी कांसट, सुनील बांगड़, अरुण भूतड़ा, ओम बाहेती, अतुल देवपुरा और सुनील लाहोटी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने उपस्थित रहकर धर्म लाभ लिया।

श्री राम जानकी मंदिर को भेंट की ई-हुंडी

उज्जैन। सामाजिक सरोकार व सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक ने नीलगंगा स्थित ऐतिहासिक श्री राम जानकी मंदिर को एक डिजिटल ई-हुंडी भेंट की। इस आधुनिक सुविधा के शुरू होने से अब मंदिर में आने वाले श्रद्धालु और देश-विदेश के भक्त जन सीधे ऑनलाइन माध्यम से डिजिटल दान कर सकेंगे। यह पहल डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने और मंदिर की दान व्यवस्था को अधिक पारदर्शी व सुलभ बनाने के उद्देश्य से की गई है। इस अवसर पर इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक हरी रमन, प्रेम नारायण सिंह तथा विपिन सिंह सतोरिया सहित बैंक का अन्य स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा। ई-हुंडी के लोकार्पण के दौरान तुलसी मनवानी, अमिताभ त्रिपाठी एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। मंदिर ट्रस्ट ने बैंक की इस अनूठी और जन-कल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंधन और स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

शिव महापुराण कथा का समापन, बंटे रुद्राक्ष

उज्जैन। महाकाल वाणिज्य केंद्र कॉलोनी में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का विधिवत समापन हो गया है। समापन अवसर पर शिवलिंग निर्माण, रुद्राक्ष वितरण और महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ लिया। कथा व्यास श्री बटेश्वर धाम विदिशा के गौवत्स पं. अंकित कृष्ण तेनगुरिया के मुखारविंद से श्रद्धालुओं ने सात दिनों तक शिव महिमा का श्रवण किया। इस पावन अवसर पर जूना अखाड़ा हरिद्वार के 1008 महामंडलेश्वर शैलेशानंद महाराज, पं. उमेश शर्मा, पं. कुलदीप महाराज और ब्रह्मलीन महायोगी पायलट बाबा के शिष्यों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में विधि-विधान से पूजन कर श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष व महाप्रसादी वितरित की गई।

आज होने वाली दिशा की बैठक स्थगित

उज्जैन। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जानकारी दी कि शनिवार, 13 जून को सांसद अनिल फिरोजिया की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। अगली बैठक की तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

लोडिंग कंटेनर से टकराई, एक की मौत

उज्जैन। शुक्रवार सुबह गरोठ हाईवे पर तेज गति से दौड़ती लोडिंग का टायर फट गया। अनियंत्रित होने के बाद लोडिंग सामने खड़े कंटेनर में जा घुसी। हादसे में एक युवक की मौत हुई है ड्राइवर घायल है जिसका उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। चरक अस्पताल में भर्ती घायल शिव पूजा पिता रामदीन यादव 35 साल निवासी पुणे महाराष्ट्र में बताया कि वह लोडिंग छोटा हाथी वाहन चलना है। जहां से सीआईटी कंपनी के कर्मचारी महेश के साथ नेटवर्किंग केबल लेकर दिल्ली गया था जहां से वापस लौट कर महाराष्ट्र जा रहे थे। उज्जैन झालावाड़ मार्ग गरोठ हाईवे पर अचानक लोडिंग का टायर फट गया और अनियंत्रित होकर सामने खड़े कंटेनर में जा घुसी। हादसे में महेश की मौके पर मौत हो गई वह भी पुणे का रहने वाला है उसे कंपनी द्वारा ही साथ भेजा गया था। दुर्घटना के बाद टोल नाके की एंबुलेंस दोनों को चरक अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद महेश का शव पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी जहां मर्ग कायम कर मृतक के परिजनों को सूचना देने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्घटना के मामले में पान बिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है। घायल और मृतक को दुर्घटना स्थल से उज्जैन चरक अस्पताल भेज दिया गया था। जिसके चलते स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई है लेकिन दुर्घटना स्थल का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल इतनी जानकारी मिली है कि तुलाहेड़ा टोल के आसपास दुर्घटना हुई है। घटनास्थल की पुष्टि होते ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी गरोठ हाईवे तुलाहेड़ा टोल पर घटिया और राघवी थाने की सीमा लगती है।

ग्रामीण की आधी रात को लाठियों से हत्या

- नाली को लेकर पड़ोसियों से था विवाद, हिरासत में आरोपी

उज्जैन। घर से खेत पर गया ग्रामीण जब वापस नहीं लौटा तो भाई उसकी तलाश में निकाला खेत के रास्ते पर उसने बड़े भाई को घायल हालत में पड़ा देखा तत्काल परिजनों को सूचना देकर उपचार के लिए उज्जैन लाया गया, लेकिन ग्रामीण की मौत हो चुकी थी। हत्या की खबर मिलते ही रात में पुलिस में जांच शुरू की और आरोपियों को हिरासत में ले लिया जिनसे पूछताछ की जा रही है।

इंगोरिया के ग्राम बलेडी में रहने वाला राहुल पिता कालू सिंह 26 वर्ष खेत पर गया था जहां से देर रात तक वापस नहीं लौटा तो भाई शिव उसकी तलाश में घर से निकला। रात 12.30 बजे खेत के रास्ते पर राहुल घायल हालत में मिला जिसके सिर पर चोट के निशान थे। भाई शिवा ने परिजनों को सूचना दी और राहुल को उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला हत्या का होने की सूचना पुलिस को मिली तो रात में ही जांच के लिए मौके पर पहुंची। मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई इस दौरान सामने आया कि राहुल की हत्या की गई है। परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले भूरा और रोहित के साथ विशाल और दीपक पर हत्या का आरोप लगाया।

ससुराल से पकड़ाया फरार स्थाई वारंटी

उज्जैन। वर्ष 2021 में हुई चोरी की वारदात में शामिल बदमाश मुकेश पिता रामलाल परमार निवासी कुंजड़ा गली खाचरौद को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। जहां से जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया था। न्यायालय पेशी पर उपस्थित नहीं होने पर उसके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। बुधवार-गुरुवार रात सामने आया कि स्थाई वारंटी अपने ससुराल ग्राम बरथुन आया है। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने प्रधान आरक्षक मुकेश राठौर, आरक्षक रवि बैरागी को गिरफ्तारी के लिये रवाना किया। जहां दबिश देकर फरार स्थाई वारंटी मुकेश परमार को हिरासत में लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

इनका कहना है

थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक राहुल और रोहित के घर के बीच बनी नाली को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार को भी नाली का पानी फैलने की बात को लेकर इनके बीच मारपीट हुई थी। दोनों पड़ोसियों ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी दी थी। दिन में विवाद का मामला शांत हो गया था और देर शाम राहुल खेत पर चला गया था जब वापस नहीं लौटा तो भाई उसकी तलाश में निकला था। गिरफ्तारी होते ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

तैराकी प्रशिक्षण शिविर संपन्न, खिलाड़ियों को बटेंगे प्रशस्ति पत्र

- दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिंस कुशवाहा ने किया नि:शुल्क परीक्षण, डॉ. जैन ने की मुख्य समारोह में सम्मान की घोषणा

उज्जैन। शहर में यूं तो अनेक खेल शिविरों का आयोजन होता है ओर बच्चे इनसे कुछ सीख कर समाज में कुछ अच्छा संदेश देते हैं। इसी क्र में खेल एवं युवा कल्याण विभाग और संभागीय तैराकी संघ के तत्वावधान में कोठी रोड स्थित तरणताल पर चल रहे नि:शुल्क तैराकी प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर दीप ज्योति वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने घोषणा की कि आगामी मुख्य समारोह में सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इस घोषणा से खिलाड़ियों में उत्साह था, वहीं ऐसे आयोजन से बच्चे कुछ सीख कर समाज में जागरूकता का संदेश देने का प्रयास करेंगे। शिविर के समापन अवसर पर प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिंस कुशवाहा ने प्रशिक्षणार्थियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया। डॉ. कुशवाहा ने बच्चों को दांतों की सफाई और मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि उपचार से बेहतर बचाव है। उन्होंने दांतों की देखभाल के लिए नि:शुल्क टूथपेस्ट भी वितरित किए।

कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में राकेश तिवारी, हरीश शुक्ला, चित्रेश शर्मा, डॉ. दीपक जैन, प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह चौहान, अश्विन टाटावत, अर्जुन सोलंकी, अमर डब्बे वाला गुरुजी, पंकज सोलंकी, समीर पाराशर और वीरेंद्र काले उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने स्वास्थ्य जागरूकता और खेल प्रशिक्षण के इस समन्वित प्रयास की सराहना की।

खलीफा बैरवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव बने

उज्जैन। अखिल भारतीय बैरवा महासभा के युवा प्रकोष्ठ में उज्जैन के राजकुमार खलीफा (कैरोल) को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुशंसा पर राष्ट्रीय महामंत्री रामनिवास जोनवाल और राष्ट्रीय प्रभारी हरिश ललावत ने यह नियुक्ति की है। राजकुमार खलीफा के मनोनयन से समाज के युवाओं में उत्साह है। उनकी इस नियुक्ति पर डॉ. प्रभुलाल जाटवा, मदनलाल ललावत, हरिशंकर वट, राकेश मरमट, जगदीश मीमरोठ, नवीन धंधेरवाल, अनिता संदीप कुन्हारे, अर्चना जीनवाल, प्रदेश अध्यक्ष राजेश जारवाल, नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र मरमट, राहुल अखंड, कुलदीप बैंडवाल, नितिन मरमट ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

गलती पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेस नारी सशक्तिकरण का सहारा ले रही है : सभापति कलावती यादव

उज्जैन। कांग्रेस के नेताओं की स्वयं की गलती से नामांकन फॉर्म मे त्रुटि हुई और अब इस गलती पर पर्दा डालने के लिए कांग्रेस भाजपा पर अनर्गल आरोप लगा रही है। जबकि वास्तविक में कांग्रेस ने सबसे ज्यादा नारियों का अपमान किया है।

यह बात प्रेस से चर्चा करते हुए नगर निगम सभापति कलावती यादव ने कही। उन्होंने बताया मीनाक्षी नटराजन का फॉर्म भरा गया और उसमें कुछ कानूनी त्रुटि थी इसलिए उनका फॉर्म निरस्त हो गया और सुप्रीम कोर्ट ने भी कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया है। इससे बौखलाये फार्म निरस्त होने के बाद कांग्रेसी पूरे घटनाक्रम का ठीकरा भाजपा पर फोड़ रहे हैं कि भाजपा ने नारी शक्ति का अपमान किया है। जबकी भाजपा नारी सशक्तिकरण की दिशा में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। कांग्रेस के नेताओं ने नारी शक्ति को पूर्व के दिनों अलग-अलग शब्द से नवाजा था वह आप सबको मालूम है जिसे हम प्रेस के समक्ष बता भी नहीं सकते हैं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रमिला यादव एवं भाजपा मीडिया विभाग के प्रदेश सह प्रभारी डॉ. राकेश पंड्या उपस्थित रहे।

बांदका में विवाद | **पानबिहार चौकी पुलिस की त्वरित कार्रवाई- वारदात के कुछ ही घंटों में दोनों आरोपी गिरफ्तार**

रंजिश में घर में घुसकर तलवार व लाठी से हमला, मां-बेटा गंभीर घायल

घट्टिया। घट्टिया थाना क्षेत्र के पानबिहार चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम बांदका में बुधवार रात पुरानी रंजिश को लेकर एक ही परिवार पर जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने घर में घुसकर तलवार और लाठियों से हमला कर मां-बेटे को लहूलुहान कर दिया। घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उज्जैन जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए घट्टिया थाना पुलिस ने तत्परता दिखाई और महज कुछ ही घंटों के भीतर दोनों नामजद आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी जीवन सिंह (32) पिता मनोहर सिंह चौहान निवासी बांदका ने बुधवार देर रात थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जीवन सिंह ने बताया कि बुधवार शाम करीब 8.30 बजे वह अपने भाई उत्तम सिंह और परिवार के साथ घर पर था। इसी दौरान रिश्तेदार बहादुर सिंह चौहान हाथ में तलवार और उसका बेटा कृष्णपाल चौहान लाठी लेकर जबरन घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे।जब परिवार ने विरोध किया, तो बहादुर सिंह ने उत्तम सिंह पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसके बाएं हाथ में गहरा घाव हो गया। बीच-बचाव करने आई बुजुर्ग मां कौशल्या बाई पर आरोपी कृष्णपाल ने लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनके दोनों पैरों के घुटनों में गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर जब अन्य परिजनों ने बीच-बचाव किया, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घायलों को तुरंत घट्टिया के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें उज्जैन रेफर कर दिया गया।

पुलिस की मुस्तैदी से सलाखों के पीछे पहुंचे आरोपी

घटना की सूचना मिलते ही चौकी पुलिस तुरंत एक्शन मोड में आ गई। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बहादुर सिंह और कृष्णपाल सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(6) के अंतर्गत मामला दर्ज किया। ग्रामीण अंचल में शांति व्यवस्था भंग करने और कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ घट्टिया पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। थाना प्रभारी करण खोवाल और चौकी प्रभारी जयंत डामोर के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित घेराबंदी करते हुए वारदात के कुछ ही घंटों बाद दोनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस तत्परता और त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों ने भी सराहना की है। जिससे क्षेत्र में कानून के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। इस सराहनीय व त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी करण खोवाल, चौकी प्रभारी जयंत डामोर, एएसआई रमाकांत मीणा, आरक्षक रोहित, सैनिक शैलेंद्र सिंह और विक्रम सिंह की मुख्य व प्रशंसनीय भूमिका रही।